रजिस्ट्री सं० डी०(डी०)-73

REGISTERED No. D (D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 4, 1977/ज्येष्ठ 14, 1899

No. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 4, 1977/JYAISTHA 14, 1899

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, 6 मई 1977

आदेश

का०आ० 1605.—श्री बाबू लाल निवासी सराय के सामने खैरथल जिला अलवर राजस्थान राज्य जिन्होंने मार्च 1972 में हुए राजस्थान विधान सभा के निर्वाचन के लिए 55-खैरथल निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ा था को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10-क के अधीन उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहने के कारण इस आयोग द्वारा तारीख 12-7-1974 के अपने आदेश द्वारा निरर्हित कर दिया गया था।

और, अब उक्त श्री बाबू लाल ने निर्वाचन व्ययों का अपना लेखा दाखिल करने में अपनी असफलता के कारण बताते हुए उन पर अधिरोपित निरर्हता को हटाने के लिए निर्वाचन आयोग को एक अभ्यावेदन दिया है,

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उन पर अधिरोपित निरर्हता की उक्त अवधि को एतद्द्वारा घटा कर उतनी ही करता है जितनी वह वास्तव में सहन कर चुके हैं और उपरोक्त निरर्हता अनवसित कालावधि के लिए इसी समय से हटाई जाती है।

[सं० राज०वि०स०/55/72(आर०)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, the 6th May, 1977

ORDER

S.O. 1605.—Whereas Shri Babu Lal, resident of Opposite Sarai, Khairthal, District Alwar, Rajasthan State, who was a contesting candidate for election to the Rajasthan Legislative Assembly from 55-Khairthal Constituency held in March, 1972 was disqualified by the Commission by its order, dated 12 July, 1974 under Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, for his failure to lodge an account of his election expenses as required by the said Act and the Rules made thereunder;

And whereas the said Shri Babu Lal has now submitted a representation to the Election Commission for the removal of the disqualification imposed on him giving reasons for his failure to lodge the account of his election expenses;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Section 11 of the said Act, the Election Commission hereby reduces the period of disqualification imposed on him to the period of disqualification already suffered by him and removes the disqualification for the unexpired period with immediate effect.

[No. RJ-LA/55/72(R)]

नई दिल्ली, 9 मई 1977

आदेश

का० आ० 1606.—फरवरी 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन के लिए 413-नकुड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले एक अभ्यर्थी श्री बालेश्वर कुमार, सुपुत्र श्री बुध सिंह ग्राम व पो० आ० नकुड़, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अधीन, उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित रीति से अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा तारीख 26 दिसम्बर, 1975 के अपने आदेश सं० उ० प्र०-वि० स०/413/74(490) द्वारा निरर्हित कर दिया गया था,

और, अब उक्त श्री बालेश्वर कुमार ने निर्वाचन व्ययों का अपना लेखा विधि द्वारा अपेक्षित रीति से दाखिल करने में अपनी असफलता के कारण बताते हुए उन पर अधिरोपित निरर्हता को हटाने के लिए निर्वाचन आयोग को एक अभ्यावेदन दिया है और उसके बाद उसके समर्थन में एक शपथ-पत्र भी दाखिल किया है;

और, निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री बालेश्वर कुमार के पास उक्त असफलता के लिए पर्याप्त कारण हैं;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उन पर अधिरोपित निरर्हता की उक्त अवधि को एतद्द्वारा घटा कर उतनी ही करता है जितनी वह वास्तव में सहन कर चुके हैं और उपरोक्त निरर्हता अनवसित कालावधि के लिए इसी समय से हटाई जाती है।

[सं० 76/305-वि०स०/77(1)]

New Delhi, the 9th May, 1977

ORDER

S.O. 1606.—Whereas Shri Baleshwar Kumar son of Shri Budh Singh, village and post-office Nakur, district Saharanpur, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly from 413-Nakur assembly constituency, held in February, 1974, was disqualified by the Election Commission vide its Order No. UP/LA/413/74(490), dated 26 December, 1975 under section 10A of the Representation of the People Act, 1951 for the failure to lodge the account of his election expenses in the manner required by the said Act and the Rules made thereunder;

And whereas the said Shri Baleshwar Kumar has now submitted a representation to the Election Commission for the removal of the disqualification imposed on him, giving reasons for his failure to lodge the account in the manner required by law and has also since submitted an affidavit in support thereof.

And whereas the Election Commission is satisfied that Shri Baleshwar Kumar had sufficient reasons for such default;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 11 of the said Act, the Election Commission hereby reduces the period of disqualification imposed on him to the period of disqualification already suffered by him and removes the disqualification for the unexpired period with immediate effect.

[No. 76/UP/LA/77(1)]

नई दिल्ली, 10 मई 1977

आदेश

का० आ० 1607.—फरवरी, 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन के लिए 227-बलिया विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले एक अभ्यर्थी श्री रामेश्वर सिंह, शीतल दवनी, बलिया, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अधीन, उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा तारीख 26 दिसम्बर 1975 के अपने आदेश सं० उ०प्र०/वि०स०/227/74(171) द्वारा निरर्हित कर दिया गया था,

और, अब उक्त श्री रामेश्वर सिंह ने उन पर अधिरोपित निरर्हता को हटाने के लिए निर्वाचन आयोग को एक अभ्यावेदन यह कहते हुए दिया है कि वस्तुतः उन्होंने अपना निर्वाचन व्ययों का लेखा विधि द्वारा निर्धारित समय के अन्दर दाखिल कर दिया था और उन्होंने अपना निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन आफिसर के पास दाखिल करने के समर्थन में मूल पावती भी तारीख 29 मार्च 1974 को प्रस्तुत कर दी है;

और, श्री रामेश्वर सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई पावती से उनके कथन की सचाई के बारे में निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है;

अतः, अब उक्त अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उनकी निरर्हता को एतद्द्वारा इसी समय से हटाता है।

[सं० 76/उ०प्र०/वि०स०/77(2)]

New Delhi, the 10th May, 1977

ORDER

S.O. 1607.—Whereas Shri Rameshwar Singh, Shital Dawani, Ballia, District-Ballia, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly from 227-Ballia Assembly constituency, held in February, 1974, was disqualified by the Election Commission vide its Order No. UP/LA/227/74(471), dated 26th December, 1975 under section 10A of the Representation of the People Act, 1951 for the failure to lodge any account of his election expenses as required by the said Act and the Rules made thereunder;

And whereas the said Shri Rameshwar Singh has now submitted a representation to the Election Commission for the removal of the disqualification imposed on him, stating that he actually submitted his account of election expenses within the time required by law and has also submitted an original receipt in support of his lodging the account of election expenses with the District Election Officer on 29 March, 1974;

And whereas the Election Commission is satisfied by the receipt produced by Shri Rameshwar Singh as to the authenticity of his statement;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 11 of the said Act, the Election Commission hereby removes his disqualification with immediate effect.

[No. 76/UP-LA/77(2)]

नई दिल्ली, 11 मई 1977

आदेश

का०आ० 1608—श्री चन्द्र भान सिंह निवासी, ग्राम व डाकखाना निधौली कलां, जिला एटा, उत्तर प्रदेश जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए फरवरी, 1974 में हुए साधारण निर्वाचन में 349-निधौली कलां निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले एक अभ्यर्थी थे, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अधीन निर्वाचन आयोग द्वारा उसके आदेश सं० उ०प्र०/वि०स०/349/74(306) तारीख 20 अक्टूबर 1975 द्वारा उक्त अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहने के कारण निरर्हित कर दिए गए थे,

और उक्त श्री चन्द्र भान सिंह ने अब निर्वाचन आयोग को उन पर अधिरोपित निरर्हता को हटाने के लिए विधि द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में अपनी असफलता के कारण बताते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है और उन्होंने अब विधिवत रूप से अपने हस्ताक्षर सहित निर्वाचन व्ययों का लेखा भी प्रस्तुत कर दिया है ;

और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री चन्द्र भान सिंह के पास इस असफलता के लिए पर्याप्त कारण थे और उनके द्वारा अब प्रस्तुत किया गया निर्वाचन व्ययों का लेखा विधि द्वारा अपेक्षित रीति से दाखिल किया गया है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उनकी निरर्हता को इसी समय से हटाता है।

[सं० 76/उ०प्र०-वि०स०/77(3)]

ए० एन० सेन, सचिव

New Delhi, the 11th May, 1977

ORDER

S.O. 1608.—Whereas Shri Chandra Bhan Singh (Nidhauli Kalan), Village and P.O. Nidhauli Kalan, District Etah, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly from 349-Nidhauli Kalan assembly constituency, held in February, 1974, was disqualified by the Election Commission vide its Order No. UP-LA/349/74(306), dated 20 October, 1975 under section 10A of the Representation of the People Act, 1951 for the failure to lodge an account of his election expenses as required by the said Act and the Rules made thereunder;

And whereas the said Shri Chandra Bhan Singh has now submitted a representation to the Election Commission for the removal of the disqualification imposed on him, giving reasons for his failure to lodge the account required by law and has also since submitted an account of his election expenses duly signed by him;

And whereas the Election Commission is satisfied that Shri Chandra Bhan Singh had sufficient reasons for such default and that the account of election expenses now submitted by him is in the manner required by law.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 11 of the said Act, the Election Commission hereby removes his disqualification with immediate effect.

[No. 76/UP-LA/77(3)]

A. N. SEN, Secy.

नई दिल्ली, 9 मई, 1977

आदेश

का०आ० 1609—मार्च 1972 में हुए मध्य प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन के लिए 93, कोटा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले एक अभ्यर्थी श्री मंगल प्रसाद, ग्राम देवगांव, पो० पेन्ड्रा रोड, तहसील तथा जिला बिलासपुर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10-क के अधीन उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा तारीख 28 मई 1974 के अपने आदेश सं० म०प्र०-वि०स०/93/72(38) द्वारा निरर्हित कर दिया गया था ,

और अब उक्त श्री मंगल प्रसाद ने उस पर अधिरोपित निरर्हता को हटाने के लिए निर्वाचन आयोग को एक अभ्यावेदन दिया है ;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उन पर अधिरोपित निरर्हता की उक्त अवधि को एतद्द्वारा घटा कर उतनी ही करता है जितनी वह वास्तव में सहन कर चुके है और उपरोक्त निरर्हता अनवधित कालावधि के लिए इसी समय से हटाई जाती है ।

[सं० म०प्र०/वि०स०/93/72]

New Delhi, the 9th May, 1977

ORDER

S.O. 1609.—Whereas Shri Mangal Prasad, Village Deorgaon, Post Pendra Road, Tahsil Bilaspur, District Bilaspur, a contesting candidate for general election to the Madhya Pradesh Legislative Assembly from 93-Kota constituency held in March, 1972, was disqualified by the Election Commission *vide* its Order No. MP-LA/93/72(38), dated 28 May, 1974, under section 10A of the Representation of the People Act, 1951 for failure to lodge the account of his election expenses as required by the said Act and the rules made thereunder;

And whereas the said Shri Mangal Prasad has now submitted a representation to the Election Commission for the removal of the disqualification imposed on him ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 11 of the said Act, the Election Commission hereby reduces the period of disqualification imposed on him to the period of disqualification already suffered by him and removes the disqualification for the unexpired period with immediate effect.

[No. MP-LA/93/72]

नई दिल्ली, 13 मई 1977

का०आ० 1610.—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (1950 का 43) की धारा 13-क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग, सिक्किम सरकार के परामर्श से, श्री डी० सी० लुकसोम के स्थान पर श्री डी० के० मानवलन, आई०ए०एस०, मंडल आयुक्त, सिक्किम को तारीख 2 अप्रैल 1977 के सिक्किम राज्य के लिए मुख्य निर्वाचन आफिसर के रूप में अगले आदेशों तक एतद्द्वारा नाम निर्देशित करता है।

[सं० 154/सिक्किम/77]

प्र० कु० मिश्र, सचिव

New Delhi, the 13th May, 1977

S.O. 1610.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission, in consultation with the Government of Sikkim, hereby nominates Shri D. K. Manavalan, I.A.S. Divisional Commissioner, Sikkim as the Chief Electoral Officer for the State of Sikkim, with effect from 2 April, 1977 and until further orders *vice* Shri D. C. Lucksom.

[No. 154/SKM/77]

P. K. MISRA, Secy.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(न्याय विभाग)

नई दिल्ली, 16 मई, 1977

का०आ० 1611—केन्द्रीय सरकार पारसी विवाह और विवाह-विच्छेद अधिनियम 1936 (1936 का 3) की धारा 20 के साथ पठित

धारा 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उस अधिनियम के अधीन वादों की सुनवाई के प्रयोजनार्थ दिल्ली में पारसी जिला विवाह-विषयक न्यायालय के रूप में ज्ञात एक विशेष न्यायालय गठित करती है। जिला दिल्ली में समाविष्ट क्षेत्र उस न्यायालय की अधिकारिता की स्थानीय सीमाएं होंगी।

[सं० 29/7/77-न्याय]

महेश नारंग, अवर सचिव

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Deptt. of Justice)

New Delhi, the 16th May, 1977

S.O. 1611.—In exercise of the powers conferred by section 18, read with section 20, of the Parsi Marriage and Divorce Act, 1936 (3 of 1936), the Central Govt. hereby constitutes a Special Court at Delhi to be known as the Parsi District Matrimonial Court for the purpose of hearing suits under that Act and the areas comprised in the district of Delhi shall be the local limits of the jurisdiction of that Court.

[No. 29/7 77-Jus.]

M. C. NARANG, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व और बैंकिंग विभाग)

(बैंकिंग पक्ष)

नई दिल्ली, 17 मई, 1977

का०आ० 1612.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 (1934 का 2) की धारा 53 की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की दिनांक 12 जून 1962 की संख्या एस० ओ० 1906 की अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन किये जायेंगे :—

उपर्युक्त अधिसूचना में संलग्न फार्म 'क' और 'ख' में अन्त में पड़ने वाले शब्द "गवर्नर" के स्थान पर "गवर्नर या उप-गवर्नर" रखा जायेगा।

[सं० एफ० 1/1/76-बी० ओ० I]

सी०डब्ल्यु० मीरचन्दानी, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue and Banking)

(Banking Wing)

New Delhi, the 17th May, 1977

S.O. 1612.—In pursuance of sub-section (1) of section 53 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934), the Central Government hereby directs that the following amendments shall be made in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Economic Affairs) No. S.O. 1906, dated the 12th June, 1962, namely:—

In Forms 'A' and 'B' annexed to the said notification, for the word "Governor" occurring at the end, the word, "Governor or Deputy Governor" shall be substituted.

[No. F. 1/1/76-BO. I]

C. W. MIRCHANDANI, Under Secy

नई दिल्ली, 19 मई, 1977

का०आ० 1613—बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंध 31 मार्च, 1976 से 28 फरवरी 1978 तक राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर, पर लागू नहीं होंगे।

[सं० एफ० 8-3/77-ए०सी०]

वी० एन० बहादुर, उप-सचिव

New Delhi, the 19th May, 1977

S.O. 1613.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of Section 11 of the said Act shall not apply to the Rajasthan State Industrial Cooperative Bank Ltd., Jaipur, for the period from 31 March, 1976 to 28 February, 1978.

[No. F. 8-3/77-AC]

V. N. BAHADUR, Dy. Secy.

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क समाहर्ता, कार्यालय, पश्चिम बंगाल

(केन्द्रीय उत्पाद शुल्क)

कलकत्ता, 9 अप्रैल 1977

का०आ० 1614.—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम 44 के नियम 5 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के उन अधिकारियों, जो अधीक्षक के पद से नीचे के न हों, को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्ता के 24 घण्टे की अवधि की छूट देने से संबंधित कार्य क्षमता जिसका उल्लेख केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम 44 के नियम 173-ओ के उप-नियम (2) में तथा नियम 185 के उप-नियम (1) में और संशोधन दिनांक 29/1/77 की अधिसूचना सं० 5/77 में किया गया है, का उपयोग करने की अनुमति देता हूं जिसका प्रयोग वे पश्चिम बंगाल समाहर्तालय के अपने सम्बन्धित कार्य क्षेत्र में करेंगे।

[अधिसूचना सं० 5/के०उ०/1977/सी० सं० IV(16) 12-के०उ०/प०बं०/77]

ए० के० भौमिक, समाहर्ता

Collectorate of Central Excise and Customs, West Bengal

CENTRAL EXCISE

Calcutta, the 9th April, 1977

S.O. 1614.—In exercise of the powers conferred upon me under rule 5 of the Central Excise Rules, 1944, I, do hereby empower the Central Excise Officer not below the rank of Superintendent of Central Excise to exercise the power of the Collector of Central Excise in his respective jurisdiction of West Bengal Collectorate in so far as granting of relaxation of the time limit of 24 hours laid down in Sub-rule (2) of Rule 173-O and Sub-rule (1) of Rule 185 of the Central Excise Rules, 1944 as amended under Notification No. 5/77-CE dated 29-1-77 is concerned

[Notification No. 5/CE/1977 C. No IV(16)12-CE/WB/77]

A. K. BHOWMIK, Collector

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली 31 दिसम्बर, 1976

आयकर

का०आ 1615—आयकर अधिनियम 1961 का (1961 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का, प्रयोग करते हुए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, समय-समय पर यथा संशोधित अपनी अधिसूचना सं० 748 (फा० सं० 261/7/74-आई टी जे) तारीख 10 अक्तूबर, 1974 में निम्नलिखित संशोधन और करती है —

क्रम सं० 6 पर सहायक आयकर आयुक्त (अपील) रेंज जबलपुर के सामने स्तम्भ 3 में निम्नलिखित जोड़ा जाएगा,

"26 आई टी ओ रीवा"

यह अधिसूचना 1-1-1977 से प्रभावी है।

[सं० 1605/फा० सं० 261/19/76-आई०टी०जे०]

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 31st December, 1976

INCOME-TAX

S.O. 1615.—In exercise of the powers conferred by section (1) of Section 122 of the Income tax Act, 1961(43 of 1961) and of all other enabling powers in this behalf, the Central Board of Direct Taxes, New Delhi hereby direct the following further amendment in the Schedule appended to the Notification No. 748 (F. No. 261/7/74-ITJ) dated the 10th October 1974 as amended from time to time :—

Against AAC Jabalpur Range, Jabalpur at Serial No. 6 there shall be added the following under column No. 3:—

"26. ITO, Rewa".

This Notification shall take effect from 1-1-77.

[No. 1605 F. No. 261/19/76-ITJ]

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 1977

आयकर

का० आ० 1616.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस संबंध में सभी पूर्वतन अधिसूचनाओं को अधिक्रान्त करते हुए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड निदेश देता है कि नीचे की अनुसूची में स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट रेंजों के सहायक आयकर आयुक्त (अपील) उसके स्तम्भ 3 में तत्सम्बन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट आयकर सर्किलों बोर्डों और जिलों में आयकर या आयकर से निर्धारित सभी व्यक्तियों और आयों के बारे में अपने कृत्यों का पालन करेंगे :—

अनुसूची

क्रम	रेंज	आयकर सर्किल वार्ड और जिले
1	2	3
1. पटना रेंज, पटना।		(i) विशेष सर्किल, पटना।
		(ii) वार्ड क, ख, ग, घ, और ङ सर्किल पटना।
		(iii) आई० टी० ओ०, सर्वे, पटना।
		(iv) विशेष अन्वेषण सर्किल, पटना।
		(v) पटना का वार्ड (i), (ii) और (iii), पटना।
		(vi) पटना-II का वार्ड (i) (ii) और (iii)
		(vii) विशेष सर्किल- पटना।
		(viii) विशेष सर्किल II, पटना।
		(ix) आई० टी० सी० सर्किल-I, पटना।
		(x) आई० टी० सी० सर्किल-II, पटना।
		(xi) आई० टी० सी० सर्किल बेगूसराय।
2. मुंगेर रेंज, पटना		(i) विशेष सम्पदा शुल्क एवं आयकर सर्किल पटना।
		(ii) शाहाबाद सर्किल, आरा।
		(iii) आयकर सर्किल, सासाराम।
		(iv) आयकर सर्किल, पटना, आयकर सर्किल, वार्ड क, ख, ग, घ, और ङ को छोड़ कर।
		(v) आयकर सर्किल, नालन्दा।
		(vi) आयकर सर्किल- II, पटना।
		(vii) आयकर सर्किल, पुर्णिया।
3. मुजफ्फरपुर रेंज		(i) आयकर सर्किल, मुजफ्फरपुर।
		(ii) विशेष सर्किल, मुजफ्फरपुर।
		(iii) आयकर सर्किल, मोतीहारी।
		(iv) आयकर सर्किल, बेतिया।
		(v) आयकर सर्किल, छपरा।
		(vi) आयकर अधिकारी सर्वेक्षण, मुजफ्फरपुर।
		(vii) आयकर सर्किल, सहारसा।
4. भागलपुर रेंज		(i) आयकर सर्किल, भागलपुर।
		(ii) आयकर सर्किल, मुंगेर।
		(iii) आयकर सर्किल, बेगूसराय।
5. रांची रेंज		(i) आयकर सर्किल, रांची।
		(ii) विशेष सर्किल, रांची।
		(iii) विशेष आयकर एवं सम्पदा शुल्क सर्किल, रांची।
		(iv) वेतन सर्किल, रांची।
		(v) आयकर अधिकारी सर्वेक्षण, रांची।
6. दरभंगा रेंज		(i) आयकर सर्किल, दरभंगा।
7. धनबाद रेंज		(i) आयकर सर्किल-I, धनबाद।
		(ii) आयकर सर्किल-II, धनबाद।
		(iii) विशेष सर्किल, धनबाद।
		(iv) आयकर सर्किल, बोकारो सी० एस० सिटी।
		(v) आयकर अधिकारी, सर्वे, धनबाद।
		(vi) आयकर सर्किल, गिरीडीह।
		(vii) आयकर सर्किल, हजारीबाग।
		(viii) आयकर सर्किल, डाल्टनगंज।
		(ix) आयकर सर्किल, गया।
8. जमशेदपुर रेंज		(i) आयकर सर्किल, जमशेदपुर।
		(ii) विशेष सर्किल, जमशेदपुर।
		(iii) वेतन सर्किल, जमशेदपुर।
		(iv) आयकर अधिकारी सर्वे जमशेदपुर।

जहां कोई आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग इस अधिसूचना द्वारा रेंज से किसी अन्य रेंज को अन्तरित हो जाता है, वहां उस आयकर सर्किल वार्ड या जिले या उसके भाग को किये गये निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और उस रेंज के, जिससे वह आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है, सहायक आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष इस अधिसूचना की तारीख के ठीक पूर्व लम्बित अपीलें, उस तारीख से जिस तारीख को यह अधिसूचना प्रभावी होती है, उस रेंज के, जिसको उक्त सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है सहायक आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जाएंगी और उसके द्वारा उन पर कार्यवाही की जाएगी।

यह अधिसूचना 17-1-1977 से प्रभावी होगी।

[सं० 1625(फा० सं० 261/3/77-आई०टी० जे०)]

New Delhi, the 15th January 1977

INCOME-TAX

S.O.1616 —In exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of Section 122 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), and of all other powers enabling it in this behalf, and in supersession of all the previous Notifications in this regard the Central Board of Direct Taxes hereby directs that the Appellate Assistant Commissioners of Income-tax of the ranges specified in column 2 of the Schedule below shall perform their functions in respect of all persons and incomes assessed to Income-tax or Super-tax in the Income-tax circles, Wards or District Specified in the corresponding entry in column 3 thereof.

SCHEDULE

Sl. No.	Range	Income-tax Circles, Wards, and Distt.
(1)	(2)	(3)
1.	A-Range, Patna.	(i) Special Circle, Patna. (ii) Wards, A.B.C.D. & E of I.T. Circle, Patna. (iii) I.T.O., Survey, Patna. (iv) Special Investigation Circle Patna. (v) Wards, (i), (ii) & (iii) of Patna-I, Patna. (vi) Wards (i), (ii) & (iii) of Patna-II. (vii) Special Circle-I, Patna. (viii) Special Circle II, Patna. (ix) I.T. Circle- I, Patna. (x) I.T. Circle II, Patna. (xi) I.T. Circle, Begusarai.
2.	B- Range, Patna	(i) Special F.D.-Cum-I.T. Circle, Patna. (ii) Shahabad Circle, Arrah. (iii) I.T. Circle, Sasaram. (iv) I.T. Circle, Patna excluding Wards-A, B. C. D & E of I.T. Circle, Patna. (v) I.T. Circle, Nalanda. (vi) I.T. Circle, III, Patna. (vii) I.T. Circle, Purnea.
3.	Muzaffarpur Range.	(i) I.T. Circle Muzaffarpur. (ii) Special Circle, Muzaffarpur. (iii) I.T. Circle, Motihari. (iv) I.T. Circle, Bettiah. (v) I.T. Circle, Chapra. (vi) I.T.O. Survey, Muzaffarpur (vii) I.T. Circle, Saharsa.
4.	Bhagalpur Range	(i) I.T. Circle, Bhagalpur. (ii) I.T. Circle, Monghyr. (iii) I.T. Circle, Deoghar.
5.	Ranchi Range.	(i) I.T. Circle, Ranchi. (ii) Special Circle Ranchi. (iii) Special E.D. Cum-IT. Circle, Ranchi. (iv) Salary Circle, Ranchi. (v) I.T.O, Survey, Ranchi.
6.	Darbhanga Range.	(i) I.T. Circle Darbhanga.
7.	Dhanbad Range	(i) I.T. Circle, I Dhanbad (ii) I.T. Circle II, Dhandbad. (iii) Special Circle, Dhanbad. (iv) I.T. Circle, Bokare, B.S. City. (v) I.T.O. Survey, Dhanbad. (vi) I.T. Circle Giridih. (vii) I.T. Circle, Hazaribagh. (viii) I.T. Circle, Daltonganj. (ix) I.T. Circle, Gaya.
8.	Jamshedpur Range	(i) I.T. Circle, Jamshedpur. (ii) Special Circle, Jamshedpur. (iii) Salary Circle, Jamshedpur. (iv) I.T.O. Survey, Jamshedpur.

Where an Income-tax Circle, Ward or District of Part thereof stands transferred by this Notification from one Range to another range, appeal arising out of the assessment made in that Income-tax Circle, Ward or District or part there of and pending immediately before the date of this Notification before the Appellate Assistant Commissioner of the Range from whom the Income-tax Circle, Ward or District or Part thereof is transferred shall from the date this Notification shall take effect, be transferred to and dealt with by the Appellate Assistant Commissioner of the Range to whom the said Circlle, Ward or District or part thereof is transferred.

This notification shall take effect from 17-1-77.

[No. 1625 (F. No. 261/3/77-ITJ)]

आयकर

का० आ० 1617.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस सम्बन्ध में सभी पूर्वतन अधिसूचनाओं को अंशतः उपान्तरित करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड निदेश देता है कि नीचे की अनुसूची के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट रेंजों के सहायक आयकर आयुक्त (अपील) उसके स्तम्भ 3 में तत्सम्बन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट आय कर सर्किलों, वार्डों और जिलों में आयकर या अधिकर से निर्धारित सभी व्यक्तियों और आयों के बारे में अपने कृत्यों का पालन करेंगे:—

अनुसूची

क्रम संख्या	रेंज	आयकर सर्किल, वार्ड और जिले
1	2	3
1	ठ रेंज, नई दिल्ली	(i) जिला III (14), 14 (अतिरिक्त), (25), (25) (अतिरिक्त) (27), (28), (29), (30), (31), (32), (32) अतिरिक्त (33), (34) और 35, नई दिल्ली।
		(ii) सर्वेक्षण सर्किल-III और III अतिरिक्त सर्वेक्षण सर्किल, नई दिल्ली।
		(iii) परिवहन सर्किल प्रथम अतिरिक्त परिवहन सर्किल और द्वितीय अतिरिक्त परिवहन सर्किल, नई दिल्ली।
		(iv) जिला III-वार्ड ज झ ण ट ठ क(1) ट (एल) इ (1), च(1), झ(1) और ट(1) नई दिल्ली।
		(v) विशेष निर्धारण सर्किलों 1, 2, 3, 4 और 9 नई दिल्ली।
		(vi) विशेष सर्वेक्षण सर्किल 2, 3, 4 और 9 नई दिल्ली।
		(vii) आयकर एवं धनकर सर्किल-1, नई दिल्ली।
		(viii) ख-6, ख-7, ख-7 (अतिरिक्त) ख-9 और ख 9 (अति०) नई दिल्ली।

जहां कोई आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग इस अधिसूचना द्वारा एक रेंज से किसी अन्य रेंज को अन्तरित हो जाता है वहां उस आयकर सर्किल, वार्ड या जिले या उसके भाग में किए गए निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और उस रेंज के, जिससे वह आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है, सहायक आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष इस अधिसूचना की तारीख के ठीक पूर्व लम्बित अपीलें, उस तारीख से जिस तारीख को यह अधिसूचना प्रभावी होती है, उस रेंज के, जिसको उक्त सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है सहायक आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जाएगी और उसके द्वारा उन पर कार्यवाही की जाएगी।

यह अधिसूचना 17-1-77 से प्रभावी होगी।

[सं० 162 (फा० सं० 261/2/77-आई० टी० जे०)]

SCHEDULE

Sl. No.	Ranges	Income-tax Circles/Wards & Distts
1	2	3
1.	I.- Range, New Delhi.	(i) Distt. III (14), 14 (Addl.) (25), (25) Addl. (27) (28), (29), (30), (31), (32), (32) Addl. (33), (34) & (35) New Delhi.
		(ii) Survey Circle- III & IIIrd Addl. Survey Circle, new Delhi.
		(iii) Transport Circle, 1st Addl. Transport Circle and IInd Addl. Transport Circle, New Delhi.
		(iv) Distt. III- Wards H.I.J. K,L, A (I) C(I)E(I), G(I) I (I) & (K) (I), New Delhi.
		(v) Special Assessment Circles I, II, III, VI, VII, VIII, & X New Delhi.
		(vi) Special Survey Circle-II III, IV & IX New Delhi.
		(vii) Income-tex-cum Wealth-tax Circle-II New Delhi.
		(viii) B-VI, B-VII, B-VII (Addl) B-IX & B-IX (Addl.) New Delhi.

Where an Income-tax Circle, Ward or Districts or part thereof stands transferred by this Notification from one Range to another Range appeals arising out of the assessments made in that Income-tax Circle, Ward or District or part thereof and pending immediately before the date of this Notification before the Appellate Assistant Commissioner of the Income-tax of the ranges from whom that Income-tax Circle, ward or District or part thereof is transferred shall from the date this notification takes effect be transferred to and dealt with by the Appellate Assistant Commissioner of the range to whom the said Circle, Ward or District or part thereof is transferred.

This notification shall take effect from 17-1-77.

[No. 1624 (F.No. 261/2/77-ITJ)]

INCOME-TAX

S.O. 1617.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 122 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and of all other powers enabling it in that behalf in partial modification of all previous notifications in this regard the Central Board of Direct Taxes hereby directs that the Appellate Assistant Commissioner of Income-tax of the Ranges specified in Column 2 of the Schedule below shall perform their functions in respect of the persons and incomes assessed to Income Tax or Super Tax in the income-tax Circles, Wards and Districts specified in the corresponding entry in Col. 3 thereof :—

नई दिल्ली, 7 फरवरी, 1977

आयकर

का० आ० 1618—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 13) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और इस सम्बन्ध में सभी पूर्वतन अधिसूचनाओं को अंशत: उपांतरित करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड निदेश देता है कि नीचे की अनुसूची में स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट रेंजों के सहायक आयकर आयुक्त (अपील) उसके स्तम्भ 3 में तत्सम्बन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट आयकर सर्किलों, वार्डों

और जिलों में आयकर या अधिकर से निर्धारित सभी व्यक्तियों और आयों के बारे में अपने कृत्यों का पालन करेंगे:—

अनुसूची

क्रम संख्या	रेंज	आयकर सर्किल, वार्ड और जिले
1	2	3
1	'ज' रेंज नई दिल्ली	(i) कन्ट्रैक्टर्स सर्किल, नई दिल्ली
2	'छ' रेंज नई दिल्ली	(i) कम्पनी सर्किल, 17, 18 नई दिल्ली (ii) विशेष सर्किल 2, 2 (अतिरिक्त) नई दिल्ली (iii) न्यास सर्किल, नई दिल्ली। (iv) आयकर एवं सम्पदा कर सर्किल, नई दिल्ली (v) अतिरिक्त सम्पदा शुल्क एवं आयकर सर्किल, नई दिल्ली ।
3	3 विशेष रेंज नई दिल्ली	(i) कम्पनी सर्किल, 1, 4, 6, 9, 21 और 22 नई दिल्ली (ii) डी० II जिला नई दिल्ली। (iii) वकील सर्किल, नई दिल्ली (iv) जिला 6(1) (अतिरिक्त)(2)(3),, (4), (5) (6), (6) (अतिरिक्त) (7), (7) (अतिरिक्त) (8) (9) (10) (10) (अतिरिक्त), (11), (12), (13) (14), और (15) नई दिल्ली (v) जिला IV, वार्ड, क(अतिरिक्त), क (I), क (II), ख (अतिरिक्त), (ग), (ग) अतिरिक्त, ग(I), ग-1 (अतिरिक्त), घ और क, नई दिल्ली
4.	विशेष रेंज IV नई दिल्ली	(i) कम्पनी सर्किल, 5, 8 और 11 नई दिल्ली (ii) विशेष सर्किल, 1, 1(अतिरिक्त), और 9 नई दिल्ली ।

जहां कोई आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग इस अधिसूचना द्वारा एक रेंज से किसी अन्य रेंज को अन्तरित हो जाता है वहां उस आयकर सर्किल वार्ड या जिले या उसके भाग में किए गए निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और उस रेंज के, जिससे वह आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है, सहायक आयकर आयुक्त, (अपील) के समक्ष इस अधिसूचना की तारीख के ठीक पूर्व लम्बित अपीलें, उस तारीख से जिस तारीख को यह अधिसूचना प्रभावी होती है, उस रेंज के, जिसको उक्त सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है सहायक आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जाएंगी और उसके द्वारा उन पर कार्यवाही की जाएगी।

यह अधिसूचना 7-2-77 से प्रभावी होगी।

[सं० 1651/(फा० सं० 261/2/77-आई० टी० ए०)]

एस० रामास्वामी, अवर सचिव।

INCOME-TAX

New Delhi 7th February, 1977

S.O 1618.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 122 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and of all other powers enabling it in that behalf and in partial modification of all previous notifications in this regard the Central Board of Direct Taxes hereby directs that the Appellate Assistant Commissioner of Income-tax of the Ranges specified in Column 2 of the Schedule below shall perform their functions in respect of the persons and incomes assessed to Income-tax or Super Tax in the Income-tax Circles, Wards, and Districts specified in the corresponding entry in Col. 3 thereof :—

SCHEDULE

Sl. No.	Range	Income-tax Circles/Wards & & Distts.
1	2	3
1	'H' Range, New Delhi .	(i) Contractors' Circles, New Delhi.
2.	'G' Range, New Delhi	(i) Companies Circles-XVII, XVIII, New Delhi (ii) Special Circle-II, II (Addl.), New Delhi. (iii) Trust Circles, New Delhi. (iv) Income-tax-cum Estate Duty Circle New Delhi. (v) Addl. Estate Duty-cum-Income-tax Circle, New, Delhi.
3.	Special Range-II, New Delhi.	(i) Companies Circles-I, IV, VI, IX, XXI, & XXII New Delhi. (ii) D-II, District, New Delhi. (iii) Lawyers' Circles, New Delhi. (iv) Distt. VI (1), (1) (Addl, (2), (3), (4), (5), (6)(6) (Addl.), (7), (7) (Addl.), (8), (9), (10), (10) (Addl.), (11), (12), (13), (14) & (15), New Delhi. (v) Distt. VI, Wards A, A(Addl.), A(I), A(II), B (Addl.), (C), (C) Addl., C(1), C(I) (Addl.), D&E, New Delhi.
4.	Special Range-IV, New Delhi.	(i) Companies Circles V, VIII & XI, New Delhi. (ii) Special Circles-I, I(Addl.), VII & IX, New Delhi.

Where an Income-tax Circle, Ward or District or part thereof stands transferred by this Notification from one Range to another Range, Appeals arising out of the assessments made in that income-tax Circle, Wards or District or part thereof and pending immediately before the date of this Notification before the Appellate Assistant Commissioner of the Income-tax of the ranges from whom that Income-tax Circle, Wards or Districts or part thereof is transferred shall from the date this notification takes effect be transferred to and dealt with by the

Appellate Assistant Commissioner of the range to whom the said circle Ward or District or part thereof is transferred

This notification shall take effect from 7-2-77.

[No. 1651 (F.No. 261/2/77-ITJ)]

S. RAMASWAMY, Under Secy.

नई दिल्ली, 1 फरवरी, 1977

आयकर

का०आ० 1619.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस सम्बन्ध में सभी पूर्वतन अधिसूचनाओं को आंशिक उपान्तरित करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड निदेश देता है कि नीचे की अनुसूची के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट रेंजों के सहायक आयकर आयुक्त (अपील) उसके स्तम्भ 3 में तत्सम्बन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट आयकर सर्किलों, वार्डों और जिलों में आयकर या अधिकर से निर्धारित सभी व्यक्तियों और आयों के बारे में अपने कृत्यों का पालन करेंगे :—

अनुसूची

क्रम सं०	रेंज	आयकर सर्किल, वार्ड और जिले
1.	केन्द्रीय रेंज, 1, नई दिल्ली	(क) केन्द्रीय सर्किल 5, 7, 8, 9, 11, 12 और 14 नई दिल्ली (ख) केन्द्रीय सर्किल, श्रीनगर
2.	केन्द्रीय रेंज-2, नई दिल्ली	(क) केन्द्रीय सर्किल 1, 2, 3, 4, 6, 10, 13 और 15, नई दिल्ली
3.	केन्द्रीय रेंज, मेरठ	(क) केन्द्रीय सर्किल 1, 2, 3, और 4 मेरठ

जहां कोई आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग इस अधिसूचना द्वारा एक रेंज से किसी अन्य रेंज को अन्तरित हो जाता है, वहां उस आयकर सर्किल वार्ड या जिले या उसके भाग में किये गये निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और उस रेंज के, जिससे वह आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है, सहायक आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष इस अधिसूचना की तारीख के ठीक पूर्व लम्बित अपीलें, उस तारीख से जिस तारीख को यह अधिसूचना प्रभावी होती है, उस रेंज के, जिसको उक्त सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है सहायक आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जाएंगी और उसके द्वारा उन पर कार्यवाही की जायेगी।

यह अधिसूचना 1-2-77 से प्रभावी होगी।

[सं० 1646(फा० सं० 261/1/77-आई० टी० जे०)]

New Delhi, the 1st February, 1977

INCOME-TAX

S.O. 1619.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 122 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and all other powers enabling it in that behalf and in partial modification of all previous notification in this regard the Central Board of Direct Taxes hereby directs that the Appellate Assistant Commissioners of Income-tax of the ranges specified in Column 2 of the Schedule below shall perform their function in respect of the person and income assessed to Income-tax or Super-tax in the Income-tax Circles, Wards and Districts specified in the Corresponding entry in column 3 thereof :

SCHEDULE

S. No.	Range	Income-tax Circle, Wards & Districts
1	2	3
1.	Central Range-I, New Delhi.	(a) Central Circles-V, VII, VIII, IX, XI, XII and XIV, New Delhi. (b) Central Circles, Srinagar.
2.	Central Range-II, New Delhi.	(a) Central Circles I, II, III, IV, VI, X, XIII and XV, New Delhi.
3.	Central Range, Meerut.	(a) Central Circles I, II, III IV, Meerut.

Where an Income-tax Circle, Ward or District or part thereof stands transferred by this notification from one range to another range, appeals arising out of the assessments made in that Income-tax Circle, Ward or District or part thereof and pending immediately before the date of this notification before the Appellate Assistant Commissioner of Income-tax of the Ranges from whom that Income-tax Circle Ward or District or part thereof is transferred shall from the date this notification takes effect be transferred to and dealt with by the Appellate Assistant Commissioner of the Range to whom the said Circle, Ward or District or part thereof is transferred.

This notification shall take effect from 1-2-77.

[No. 1646 (F. No 261/1/77-I(TJ]

आयकर

का० आ० 1620—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड समय समय पर यथा संशोधित अपनी अधिसूचना सं० 1311 तारीख 31-5-76 फा० सं० 261/11/76-आई० टी० जे० में उपाबद्ध अनुसूची II में निम्नलिखित संशोधन करता है।

अनुसूची II में

(1) क्रम सं० 15 के सामने स्तम्भ 2 और 3 में 'क' रेंज आसनसोल के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

स्तम्भ 2	स्तम्भ 3
आसनसोल रेंज आसनसोल	1 आसनसोल 2 बांकुरा 3 पुरुलिया 4 मिदनापुर

(2) क्रम सं० 16 के सामने स्तम्भ 2 और 3 में 'ख' रेंज आसनसोल के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

स्तम्भ 2	स्तम्भ 3
बर्दवान रेंज बर्दवान	1. बर्दवान 2 बीरभूमि 3. हुगली

यह आदेश 1-2-77 से प्रभावी है।

[सं० 1647 (फा० सं० 261/4/77-आई०टी०जे०)]

पी० मिश्रा, अवर सचिव

INCOME-TAX

S.O. 1620.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 122 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and of all other powers enabling it in that behalf, the Central Board of Direct Taxes, hereby makes the following amendments to the Schedule-II appended to its Notification No. 1341 dated 31-5-76 in F. No. 261/11/76-ITJ as amended from time to time.

SCHEDULE-II

(1) Against serial 45 for 'A' Range, Asansol in Columns 2 and 3, the following shall be substituted :

Column 2	Column 3
Asansol Range, Asansol.	1. Asansol 2. Bankura 3. Purulia 4. Midnapore

(2) Against serial 46 for 'B' Range, Asansol in Columns 2 & 3, the following shall be substituted :

Column 2	Column 3
Burdwan Range, Burdwan.	1. Burdwan 2. Birbhun 3. Hooghly

This order shall take effect from 1-2-1977.

[No. 1647 (F.No. 261/4/77-ITJ)]
P. MISRA, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात का कार्यालय, कलकत्ता

कलकत्ता, 14 फरवरी, 1977

आदेश

का० आ० 1621.—सर्वश्री मनोहर लाल महबीर प्रसाद, 178, महात्मा गांधी रोड, कलकत्ता-7 को अप्रैल—मार्च 76 की अवधि के लिये निम्नलिखित लाइसेंस प्रदान किया गया था—

लाइसेंस संख्या और दिनांक	माल का विवरण	मूल्य
पी०/ई०/2411840/सी०/एक्स एक्स/57/सी०/41-42, दिनांक 27-10-75	परिशिष्ट 26 के अनुसार मोटर वाहनों के पुर्जे।	1,250 रुपये

पार्टी ने उपर्युक्त लाइसेंस की सीमा शुल्क, प्रयोजन प्रति एवं मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति की अनुलिपि के लिये यह बताते हुए आवेदन किया है कि वे किसी भी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराये बिना और बिल्कुल उपयोग किये बिना ही खो गई है। अब अनुलिपि सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति एवं मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति 1,250 रुपये की धनराशि के उपयोग के लिये चाहिये।

अपने तर्क के समर्थन में फर्म ने महानगरीय मजिस्ट्रेट, कलकत्ता द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित स्टाम्प कागज पर एक शपथ पत्र दाखिल किया है।

मैं सन्तुष्ट हूं कि लाइसेंस संख्या पी०/ई/2411840/सी०/एक्स एक्स/57/सी०/41-42, दिनांक 27-10-75 की सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति एवं मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति रद्द किये बिना, गिरवी रखे बिना किसी भी प्रयोजन के लिये किसी अन्य पार्टी को हस्तान्तरित किये बिना या सौंपे बिना खो गई/अस्थानस्थ हो गई है और निदेश देता हूं कि आवेदक को पूरे मूल्य 1,250 रुपये के लिये उपर्युक्त लाइसेंस की सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति एवं मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति जारी की जाये।

[सं० ई-1/20945/6/ए० एम०/76]
राबर्ट बारा, उप-मुख्य नियंत्रक,
कृते संयुक्त मुख्य नियंत्रक

MINISTRY OF COMMERCE

Office of the Jt. Chief Controller of Imports & Exports,

Calcutta, the 14th February, 1977

ORDER

S.O. 1621.—M/s. Manoharlal Mahabir Prasad, 178, Mahatma Gandhi Road, Calcutta-7 was granted licence for the period April—March 76 as under :

Licence No. & Date	Description of goods	Value
P/E/2411840/C/XX/C/57/41-42 dt. 27-10-75	Motor Vehicle parts as per appendix 26	Rs. 1250

The party has applied for duplicate Customs Purpose Copy and Exchange Control Copy of the above licence stating that the same has been lost without having been registered with any Customs Authority and unutilised at all. The duplicate Customs Purpose Copy and Exchange Control Copy are now required for utilisation of the amount of Rs. 1250.

In support of this contention the firm have filed an affidavit on a stamp paper duly attested by the Metropolitan Magistrate, Calcutta.

I am satisfied that the Customs Purpose Copy and Exchange Control Copy of licence No. P/E/2411840/C/XX/57/C/41-42 dt. 27-10-75 has been lost/misplaced without having been cancelled, pledged, transferred or handed over to any other party for any purpose & direct to issue duplicate Customs Purpose Copy and Exchange Control Copy of the aforesaid licence to the applicant for the full value of Rs. 1250.

[No. E.I./20945/6/AM/76]
R. BARA, Dy. Chief Controller
for Jt. Chief Controller.

मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात का कार्यालय

नई दिल्ली, 9 मई, 1977

आदेश

का० आ० 1622.—सर्वश्री भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि०, रायसेन रोड, पिपलानी भोपाल (म० प्र०) को 75,227 रुपये (पचहत्तर हजार दो सौ सत्ताईस रुपये मात्र) के लिये एक सीमा शुल्क निकासी परमिट सं० आई/जे/3045861 एल/एम एन/61/एच/11-11 दिनांक 25-11-1976 प्रदान किया गया था। उन्होंने उक्त सीमा शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति के लिये इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल प्रति किसी भी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराए बिना डाक पारगमन में खो गई/अस्थानस्थ हो गई है।

इस तर्क के समर्थन में आवेदक ने नोटरी के सामने विधिवत शपथ लेकर एक शपथ पत्र दाखिल किया है। तदनुसार मैं सन्तुष्ट हूं कि मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट खो गया है। इसलिए यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक 7-12-1955 की उप धारा 9 (सी० सी०) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैसर्स भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि० भोपाल को जारी किये गये सीमा शुल्क निकासी परमिट सं० आई/जे/3045864/एन/एम एन/61/एच/43-44 दि० 25-11-1976 को एतद्द्वारा रद्द करता हूं।

सीमा शुल्क निकासी परमिट की एक अनुलिपि अलग से जारी की जा रही है।

[सं० एच० ई० एल०/15/76-77/पी० एल० एस० (ए०)]

एल० प्रसाद, उप मुख्य नियंत्रक,

कृते मुख्य नियंत्रक

Office of the Chief Controller of Imports and Exports

ORDER

New Delhi, the 6th May, 1977

S.O. 1622.—M/s. Bharat Heavy Electricals Ltd., Raisen Road, Piplani, Bhopal (MP) were granted a Custom Clearance Permit No. I/J/3045864/N/MN 61/H/43-44 dated 25th November, 1976 for Rs. 75,227/- (Rupees Seventy five thousand two hundred & twenty seven only). They have applied for the issue of a duplicate copy of the said Customs Clearance Permit on the ground that the original has been lost/misplaced in postal transit without having been registered with any Customs authority.

In support of this contention the applicant has filed an affidavit duly sworn before Notary. I am accordingly satisfied that the original Custom Clearance Permit has been lost. Therefore in exercise of the powers conferred under sub-clause 9(cc) of the Import (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended, the said Custom Clearance Permit No. I/J/3045864/N/MN/61/H/43-44 dated 25-11-1976 issued to M/s. Bharat Heavy Electricals Ltd., Bhopal is hereby cancelled.

A duplicate Custom Clearance Permit is being issued separately.

[No. HEL 15/76-77/PLS(A)]

L. PRASAD, Dy. Chief Controller for Chief Controller

नई दिल्ली, 12 मई, 1977

आदेश

का० आ० 1623.—मैसर्स डेली नवज्योति नरेन्द्र हाउस स्टेशन रोड, जोबनेर बाग जयपुर को 14,740 रुपये (चौदह हजार सात सौ चालीस रुपये मात्र) के लिये एक आयात ला० सं० पी०/ए/1414158/सी/एक्स एक्स/56/एच/41-42 दि० 1-9-75 प्रदान किया गया था उन्होंने उपर्युक्त ला० की सीमा शुल्क प्रयोजन और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति जारी करने के लिये इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा शुल्क प्रयोजन और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रतियां खो गई हैं। आगे यह भी उल्लेख किया है कि मूल सीमा शुल्क प्रयोजन/मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति बम्बई में सीमा शुल्क प्राधिकारियों से पंजीकृत कराई गई थी। इसका 9,483/— रुपये (नौ हजार चार सौ तिरासी रुपये मात्र) के लिये प्रयोग कर लिया गया था और इसमें 5,257 रुपये (पांच हजार दो सौ रुपये सत्तावन रुपये मात्र) की धनराशि का उपयोग करना शेष था।

2. इस तर्क के समर्थन में आवेदक ने एक शपथ पत्र दाखिल किया है। तदनुसार, मैं सन्तुष्ट हूं कि उपर्युक्त ला० की मूल सीमा शुल्क प्रयोजन और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति खो गई है। इसलिये यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 दि० 7-12-55 की उपधारा 9(सीसी) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्वश्री डेली नवज्योति, जयपुर को जारी किये गये ला० सं० पी० ए०1414158/सी०/एक्सएक्स/56/एच०/41-42 दिनांक 1-9-75 की सीमा शुल्क प्रयोजन और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रतियां एतद्द्वारा रद्द की जाती हैं।

3. उपर्युक्त लाइसेंस की सीमा शुल्क प्रयोजन/मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रतियों की अनुलिपि प्रतियां लाइसेंसधारी को अलग से जारी की जा रही हैं।

[सं० 115-वी०/एन०-4/75-76 एन० पी० एस०/50]

चन्द्रगुप्त, उप-मुख्य नियंत्रक,

New Delhi, the 12th May, 1977

ORDER

S.O. 1623.—M/s. Daily Navajyoti, Narendra House, Station Road, Jobner Bag, Jaipur were granted an import licence No. P/A/1414158/C/XX/56/H/41-42 dated 1-9-75 for Rs. 14,740/- (Rupees Fourteen thousand and seven hundred and forty only). They have applied for the issue of a duplicate Customs Purposes and Exchange Control Purposes copy of the said licence on the ground that the original Customs Purposes & Exchange Control Purpose copies have been lost. It is further stated that the Original Customs Purposes/Exchange Control copy was registered with the Customs authorities at Bombay. It was utilised for Rs. 9,483/- (Nine thousand four hundred and eighty three only) and the balance available on it was Rs. 5257/- (Rupee Five thousand two hundred and fifty seven only).

2. In support of this contention the applicant has filed an affidavit. I am accordingly satisfied that the original Customs Purposes and Exchange Control Purpose Copy of the said licence have been lost. Therefore in exercise of the powers conferred under Sub-clause 9(cc) of the Imports (Control) Order, 1955 dated 7-12-55 as amended the said original Customs Purposes & Exchange Control Purposes copies licence No. P/A/1414158/C/XX/56/H/41-42 dated 1-9-75 issued to M/s. Daily Navajyoti, Jaipur are hereby cancelled.

3. A duplicate Customs Purposes/Exchange Control Purposes copies of the said licence are being issued separately to the licence.

[No. 115-V/N-4/75-76/NPS/50]

CHANDRA GUPTA, Dy. Chief Controller

नई दिल्ली, 16 मई, 1977

आदेश

का० आ० 1624.—दि स्टेट केमिकल्स एंड फार्मेस्यूटिकल्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि० नई दिल्ली को सामान्य मुद्रा क्षेत्र से संसिलिक एसिड/मेटा क्रेसोल इत्यादि का आयात करने के लिये 1,00,00,000 रुपये मूल्य के लिये एक आयात लाइसेंस सं० जी०/टी०/21 0695, दिनांक 17-5-76 प्रदान किया गया था। उन्होंने उक्त लाइसेंस की सीमाशुल्क प्रति की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिये इस आधार पर आवेदन किया है कि उक्त लाइसेंस की मूल सीमाशुल्क प्रति उनसे खो गई/अस्थानस्थ हो गई है। लाइसेंसधारी ने आगे यह भी बताया है कि लाइसेंस भारत में बम्बई पत्तन में पंजीकृत कराया गया था और आंशिक रूप से 77,11,240

रुपये तक उपयोग में लाया गया था। अब सीमाशुल्क प्रति की अनुलिपि प्रति की आवश्यकता शेष धनराशि 22,88,760 रुपये के लिये है।

अपने तर्क के समर्थन में आवेदक ने एक शपथ पत्र दाखिल किया है। अधोहस्ताक्षरी सन्तुष्ट है कि लाइसेंस सं० जी०/टी/2420695, दिनांक 17-5-76 की सीमाशुल्क प्रति खो गई है तथा निदेश देता है कि उक्त लाइसेंस की सीमाशुल्क प्रति की अनुलिपि प्रति उनको जारी की जानी चाहिये। लाइसेंस की सीमाशुल्क प्रति एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

[स कैपका/-/76-77/आर० एम० सैल/297]

एन० ए० काहली, उप-मुख्य नियंत्रक

New Delhi, the 16th May, 1977

ORDER

